हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 4 अक्टूबर 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

त्योहारों की करें तैयारी बचत वाली होगी, हर खरीददारी

शुभम के मार्ट®
शॉपिंग करो खुलके, पैसे बचाओ जमके!





भारतीय मिठाईयां & नमकीन
(Selected Variant)

मंथली ग्रॉसरी

 शुभम मूल्य ₹189 MRP ₹260 शुभ आटा 5 Kg	 शुभम मूल्य ₹95 लूज़ काबुली चना 1 Kg	 शुभम मूल्य ₹133 लूज़ तूअर दाल राजभोग 1 Kg	 शुभम मूल्य ₹120 लूज़ उड़द दाल छिलका 1 Kg	 शुभम मूल्य ₹82 लूज़ देसी चना 1 Kg	 शुभम मूल्य ₹130 दावत पुलाव बासमती राइस 1 Kg	 शुभम मूल्य ₹68 लूज़ HMT पोस्टमैन चावल 1 kg	 शुभम मूल्य ₹242 MRP ₹260 आशीर्वाद आटा 5 kg	 शुभम मूल्य ₹55 लूज़ शुगर SS 1 kg
 शुभम मूल्य ₹29 MRP ₹32 टाटा सॉल्ट 1 kg	 शुभम मूल्य ₹78 लूज़ बेसन 1 kg	 शुभम मूल्य ₹519 MRP ₹739 वास्तु गाय का घी 1 kg	 शुभम मूल्य ₹153 कीर्ति सोया ऑयल 1 Ltr	 शुभम मूल्य ₹199 Dhara मूंगफली ऑयल 1 Ltr	 शुभम मूल्य ₹1235 सफोला गोल्ड, जार 5 Ltr.+ 1Ltr FREE	 शुभम मूल्य ₹559 MRP ₹700 काजू W400 500 gm	 शुभम मूल्य ₹620 MRP ₹700 बादाम 500 gm	 शुभम मूल्य ₹179 MRP ₹199 मखाना गोल्ड 100 gm

मंथली डेली नीड्स

 शुभम मूल्य ₹379 MRP ₹540 ब्रुक बॉन्ड रेड लेबल 1 kg	 शुभम मूल्य ₹199 MRP ₹210 नेस्कैफे क्लासिक कॉफ़ी (J) 45 Gm	 शुभम मूल्य ₹127 MRP ₹160 पार्ले जी गोल्ड बिस्कुट 1 kg	 BUY 1 GET 1 FREE MRP ₹275 ब्रिटानिया गुड डे काजू कुकीज़ 827 gm	 शुभम मूल्य ₹169 MRP ₹240 पार्ले प्रीमियम रस्क 1 kg	 शुभम मूल्य ₹140 MRP ₹220 ब्रिटानिया न्यूट्री चॉइस डाइजेस्टिव बिस्किट 960gm	 BUY 1 GET 1 FREE MRP ₹220 कुकी बाइट कोकोनट बिस्कुट 1 kg	 BUY 1 GET 1 FREE MRP ₹140 ब्रिटानिया बॉर्बन ओरिजिनल 5N*100g (कॉम्बो) 500g	 BUY 1 GET 1 FREE MRP ₹290 आकाश गार्लिक मिक्सचर 800 gm
 शुभम मूल्य ₹80 MRP ₹122 फ्रूटी मैंगो 1.8 Ltr/ 2 Ltr.	 BUY 1 GET 1 FREE MRP ₹100 मिरिंडा ऑरेंज कोल्ड ड्रिंक (B) 2.25L	 शुभम मूल्य ₹50 MRP ₹60 हल्दीराम भुजिया सेव 200 gm	 शुभम मूल्य ₹99 MRP ₹145 किसान फ्रेश टोमैटो केचप 1/1.1 kg	 शुभम मूल्य ₹91 MRP ₹120 मैगी 2 मिनट नूडल्स मसाला 8 पैक 560 gm	 BUY 1 GET 1 FREE MRP ₹102 MRP ₹84 MRP ₹74 शुभम मूल्य सुरेश मसाले मिर्च/हल्दी/ धनिया पाउडर 200 gm	 शुभम मूल्य ₹220 MRP ₹245 सेंसोडाइन फ्रेश जेल टूथपेस्ट 150 gm	 शुभम मूल्य ₹320 MRP ₹519 डव डीप नरिश न्यूट्रिएंट सीरम बार (5*125g)	 शुभम मूल्य ₹345 MRP ₹401 पियर्स प्योर एंड जेंटल सोप 125g*5
 शुभम मूल्य ₹299 MRP ₹445 VIM लेमन लिक्विड पाउच 2 Ltr	 शुभम मूल्य ₹320 MRP ₹360 गुड नाइट पावर एक्टिव लिक्विड 45ml*4 (180ml)	शुभम मूल्य ₹180 MRP ₹225 लिरिल ऑल डे फ्रेशनेस लाइम सोप 4*125	शुभम मूल्य ₹135 MRP ₹167.34 डेटॉल एंटीसेप्टिक लिक्विड 250 ml	शुभम मूल्य ₹440 MRP ₹490 हार्पिक टॉयलेट क्लीनर 1000 ml*2+ 500ml Free	शुभम मूल्य ₹249 MRP ₹370 सोफी बॉडीफिट प्रो XL (290 mm) 3 का पैक	शुभम मूल्य ₹122 MRP ₹135 सर्फ़ एक्सेल बार वैल्यू पैक 200gm x 4	शुभम मूल्य ₹95 MRP ₹105 टाइड डबल पावर नींबू और चंदन 1 kg	BUY 1 GET 1 FREE All Variant स्नग एंड ड्राई प्रीमियम पैंट्स साइज़ (XL, L, M & S)

*नियम और शर्तें लागू: यह ऑफर स्टॉक रहने तक ही मान्य है। दिखाए गए उत्पाद चित्र केवल सांकेतिक हैं।

जनरल मर्चेंडाइज

शुभम मूल्य ₹549 MRP ₹1253
ऋषभ स्टील बोतल

शुभम मूल्य ₹1799 MRP ₹10000
एरिस्टोक्रेट ट्रॉली बैग

शुभम मूल्य ₹549 MRP ₹990
हैवेल्स इमर्शन वॉटर हीटर ज़ेटा 1000W

शुभम मूल्य ₹599 MRP ₹1499 1.5 ltr
सेलो इलेक्ट्रिक केतली

हैंडलूम

SIZE-17/27
शुभम मूल्य ₹399 MRP ₹1019
वेलग्रीन तकिया

(1+2)
शुभम मूल्य ₹399 MRP ₹799
डबल बेडशीट+पिलो कवर

शुभम मूल्य ₹299 MRP ₹599
डबल बेड कम्फ़र्टर

शुभम मूल्य ₹99 MRP ₹149
वाटर एब्जॉर्बेंट डोर मैट

रायपुर स्टोर:
संतोषी नगर • पंडरी • पुरानी बस्ती • श्रीनगर • कोटा • सरोना • कमलविहार • देवेन्द्र नगर • चंगोराभाठा • भाठागांव • अश्विनी नगर • बिरगांव • सड्डू- मेन रोड
सराईपाली • जुनवानी- भिलाई • पलारी • राजनांदगांव • भाटापारा • धमतरी • जैजैपुर • अंजोरा • अकलतरा • नवापारा- राजिम • बालोद
• बेमेतरा • पाटन • बेरला • खरियार रोड • शिवरीनारायण • सिमगा • पोटिया रोड - दुर्ग • अभनपुर • कवर्धा • उतई • खैरागढ़
अतिशीघ्र शुभारंभ • जगदलपुर • बलौदाबाज़ार • डोंगरगढ़ • बिलासपुर • अमलिडीह • कटोरा तालाब
कॉर्पोरेट कार्यालय : शुभम टावर, कमल विहार गेट के सामने, डुमरतराई, रायपुर, छत्तीसगढ़
• छत्तीसगढ़ • राजस्थान • गुजरात • ओडिशा • महाराष्ट्र
कस्टमर केयर हेल्पलाइन नंबर : +91 91091 99110
FOLLOW US ON: shubhamkmartofficial | Shubham K Mart | @shubhamkmart2926
नियम एवं शर्तें लागू: सभी ऑफर सूचना के बिना बदलाव के अधीन हैं | ऑफर स्टॉक रहने तक। दिखाये गए उत्पादों के ग्राफिक्स केवल सांकेतिक मात्र है | ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं | सभी मदभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं | सभी क्रेडिट, डेबिट एवं यूपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं |

खबर संक्षेप

किकिरदा के आंगनबाड़ी केन्द्र में मनाया गया आंगन सेवा उत्सव



बिर्रा। ग्राम पंचायत किकिरदा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 में सेवा से संकल्प के तहत आंगन सेवा उत्सव कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें किकिरदा सरपंच गोमती श्याम मांझी , जनपद सदस्य श्रीमती राजेश्वरी कुशत चंद्रा ,उपसरपंच श्रीमती कृष्णा देवांगनव गाव के नागरिकों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका और गांव के माताएं बहन उपस्थित थे

इंदिरा गांधी महाविद्यालय राहौद में महात्मा गांधी की मनाई गई जयंती



राहौद। इंदिरा गांधी कला एवं विज्ञान महाविद्यालय राहौद में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको द्वारा गांधी जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत इंदिरा गांधी कला एवं विज्ञान महाविद्यालय राहौद के प्राचार्य जी आर कश्यप द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सद्भावना गीत एवं लक्ष्य गीत प्रज्ञा और लता के द्वारा गाया गया। इस कार्यक्रम में रा.से.यो. के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. डी के साहु सर , प्रो.सी आर सुनहले सर, प्रो. राठौर,प्रो. जी रात्रे सर, प्रो. उषा कश्यप मैंम , प्रो. सरिता कर्ष मैंम , प्रो. एस परवीन मैंम, प्रो. संध्या कश्यप मैंम, प्रो. दिव्या मैंम एवं रासेयो के स्वयंसेवक बृजेश, गौतम, भानु, चंद्रकांत, लक्षण, सुनील, सत्यप्रकाश, साक्षी, लता, प्रज्ञा, अंजली अंजू , वंदना, सिखा, संजना, सरोजनी, साक्षी, खुशी, टूमेश, अमन उपस्थित थे।

लीनेस क्लब सक्ती ने गांधी जयंती मनाकर दिया स्वच्छता का संदेश



सक्ती। आंल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी जी -1 स्वर्णिम की अध्यक्ष लीनेस शहनाज़ बानो के नेतृत्व में लीनेस अनीता सिंह के निवास में 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जंयती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा सामान्य बैठक कर आगे के कार्यक्रमों की चर्चा की गई एवं एरिया कान्फ्रेंस से मिले अवार्ड का वितरण किया गया तथा जूनियर पी एस टी को भी मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया एवं पूर्व एरिया ऑफिसर लीनेस लता नायक जी के द्वारा जूनियर पी एस टी एवं क्लब के पी एस टी को उपहार देकर सम्मानित किया गया। स्वच्छता हेतु साबुन, टूथपेस्ट शैंपू,चॉकलेट एवं बिस्किट का पोटली वितरण किया गया सचिव निकहत करीम मलिक का सराहनीय योगदान रहा इस अवसर पर , रामकुवरं साहू, अनीता सिंह, विजया जायसवाल, पूनम साहू, भगवती देवांगन, प्रभा जायसवाल, एवं जूनियर पी एस टी उपस्थित रहे।

विद्या भारती प्रश्न मंच विभाग स्तरीय अंशिका अग्रवाल प्रथम स्थान



चांपा। सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ विद्या भारती द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलतरा में आयोजित कोरबा विभाग स्तरीय प्रश्न मंच संस्कृति महोत्सव में चांपा की अंशिका ऐरन अग्रवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता हासिल की है। कक्षा 11वीं तरुण वर्ग की तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में अंशिका ने पर्यावरण विषय पर सारगर्भित तार्किक और सकारात्मक विचार प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंशिका चांपा के बरपाली चौक स्थित डागा कॉलोनी निवासी व्यवसायी अजय मधु ऐरन अग्रवाल की सुपुत्री है इस गौरवमयी उपलब्धि पर उनके परिवारजनों विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

नौवें दिन रासेश्वरी देवी ने की कठोरनिषद् की व्याख्या

आसक्ति समाप्त करने के लिए संसार के वास्तविक रूवरूप को होगा पहचानना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



उपनिषद ज्ञानामृत में गुढ़ रहस्य समझाती रासेश्वरी देवी एवं उपस्थित जनसमूह।

हाई स्कूल ग्राउंड जांजगीर में आयोजित उपनिषद ज्ञानामृत प्रवचन श्रृंखला के नौवें दिन रासेश्वरी देवी ने संसार के वास्तविक स्वरूप पर प्रवचन दिया।

कठोपनिषद के मंत्र उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत की व्याख्या करते हुए कहा कि देव-दुर्लभ मानव शरीर भगवान को जानने के लिए मिला है। भगवान को सीमित बुद्धि से नहीं, केवल कृपा से जाना जा सकता है। कृपा कोई आकस्मिक घटना नहीं, इसके लिए मन से शरणागति करनी होगी। अनादि काल से संसार में आसक्त रहने के कारण मन शरणागत नहीं हो पाया है। आसक्ति समाप्त करने के लिए संसार के वास्तविक स्वरूप को पहचानना होगा। इस क्रम में तीन शास्त्रीय सिद्धांत प्रस्तुत किए गए। पहला - कोई भी जीव किसी के सदा अनुकूल नहीं रह सकता। सभी जीव माया के तीन गुण सत्व, रज और तम से ग्रसित हैं। इन गुणों की मात्रा निरंतर बदलती है। गुणों में भिन्नता या मात्रा में अंतर से मतभेद और टकराव होता है, इसे स्वाभाविक मानना चाहिए। कोई भी जीव दूसरे के सुख के लिए कुछ नहीं कर सकता। मनुष्य जो भी कार्य करता है उसमें स्वार्थ निहित होता है। जब तक वास्तविक स्वार्थ भगवत्प्राप्ति पूर्ण नहीं होता, तब तक सभी कार्य अपने सुख के लिए होते हैं। माता, पिता, स्त्री, पुत्र सभी संबंध स्वार्थ पर आधारित हैं। स्वार्थ पूर्ति तक प्रेम रहता है, हानि पर प्रेम समाप्त हो जाता है। संसार में न सुख है न दुख। सांसारिक वस्तु या व्यक्ति में जिस सुख का अनुभव होता है वह वास्तविक नहीं, माना हुआ सुख है। जितनी मात्रा में सुख माना जाता है, उसके छिन जाने पर उतनी ही मात्रा में कष्ट होता है। सुख मानने से आसक्ति, आसक्ति से कामना, कामना पूर्ति से लोभ और अपूर्ति से क्रोध उत्पन्न होता है, जो पतन का मार्ग है।कहा गया कि जीवन में लाभ-हानि, यश-अपयश दोनों पक्ष आते हैं। केवल एक पक्ष को स्वीकार करने से अशांति रहती है। दोनों पक्षों को उदारता से लेकर चलना चाहिए। संसार से वैराग्य और भगवान में मन लगाने के लिए एक विशेष तत्व की आवश्यकता है, जिसकी कृपा के बिना भगवत प्राप्ति संभव नहीं। उस तत्व पर अगले प्रवचन में प्रकाश डाला जाएगा। प्रवचन 8 अक्टूबर तक प्रतिदिन शाम 6:30 से 8:30 बजे तक हाई स्कूल ग्राउंड जांजगीर में जारी रहेगी। प्रवेश निशुल्क है।

निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर स्वास्थ्य जांच में जरूतमंद लाभान्वित

सेवा और समर्पण से शुरू हुआ अग्रसेन जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर- नैला



अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ सेवा और स्वास्थ्य के संकल्प के साथ हुआ। श्री अग्रसेन सेवा समिति नैला-जांजगीर द्वारा स्व. श्रीमती द्रोपती बाई अग्रवाल एवं स्व. केदारनाथ अग्रवाल (पहरिया वाले) की स्मृति में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। इसके साथ ही अपोलो हॉस्पिटल्स बिलासपुर के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं नेत्र चेकअप भी लगाया गया। कृत्रिम अंग शिविर में दिव्यांगजनों को उनके माप के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के कृत्रिम हाथ-पैर उपलब्ध कराने की पहल की गई। वहीं स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच की। इसमें नेत्र रोग, हृदय रोग, हड्डी रोग, मेडिसिन एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों ने सेवाएं दीं। ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर एवं जनरल हेल्थ चेकअप भी निःशुल्क किया गया। कार्यक्रम में जांजगीर-चांपा कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय विशेष रूप से मौजूद रहे। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि दिव्यांगजनों को उनकी जरूरत के अनुसार कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने का यह प्रयास बेहद सराहनीय है। सेवा और स्वास्थ्य से जुड़े ऐसे आयोजन समाज में संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। एसपी विजय पाण्डेय ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद के लिए आयोजित इस तरह के शिविर समाज के लिए अनुकरणीय हैं। कार्यक्रम में संजय अग्रवाल, राजेश पालीवाल, अजय अग्रवाल, बृजेश अग्रवाल,प्रदीप गोयल, कैलाश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, संतोष अग्रवाल पहरिया वाले, मनोज अग्रवाल, राकेश पालीवाल, विकास अग्रवाल, तपन अग्रवाल, विक्रम पालीवाल, हिमांशु अग्रवाल, दीपक गोयल, सुनील पालीवाल, दीपक अग्रवाल, प्रवीन अग्रवाल, संजय भोपालपुरिया आदि उपस्थित थे।

अग्रसेन जयंती पर विविध स्पर्धाएं आज से, अग्रसेन मैराथन 7 को

चांपा। स्थानीय अग्रवाल सेवा संघ के तत्वाधान में आगामी रविवार 11 अक्टूबर को मनाये जाने वाले अग्रसेन जयंती समारोह 2026 के उपलक्ष्य में समाज के हर आयु वर्ग के लिए विविध स्पर्धाओं का आयोजन 4 से 11 अक्टूबर तक किया जा रहा हैं. इन स्पर्धाओं का शुभारंभ रविवार 4 अक्टूबर को हसदेव पब्लिक स्कूल के स्विमिंग पूल में सुबह 7 बजे से आयोजित तैराकी स्पर्धा से होगा. इसके अलावा बुधवार 7 अक्टूबर को सुबह 6.30 बजे स्टेशन रोड स्थित ओम सिटी परिसर से गौशाला मार्ग स्थित श्रीराम मंगलम भवन तक अग्र थान यासनि अग्र मैराथन का आयोजन किया जावेगा. यह जानकारी संघ के अध्यक्ष विष्णु मोदी एवं सचिव राज अग्रवाल ने देते हुए स्पर्धाओं तथा अग्र मैराथन में समाज के लोगों से शामिल होने का अनुरोध किया हैं।

विकासखण्ड स्तरीय सेवा सेतु शिविर में 41 आवेदन निराकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ



सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय सेवा सेतु शिविर का आयोजन ग्राम कुटराबोड़ के डी.ए.व्ही. पब्लिक स्कूल मैदान में 3 अक्टूबर को रखा गया था। उक्त शिविर में कुल 50 प्राप्त आवेदनों में से 41 आवेदनों का शिविर स्थल में नियमानुसार निराकरण किया गया तथा शेष 9 आवेदनों को एक सप्ताह के भीतर नियमानुसार निराकरण किये जाने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

शिविर में कृषि विभाग से 10 हितग्राहियों को नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया, समाज कल्याण विभाग द्वारा 4 ट्राय सायकल एवं 1 श्वेत छड़ी, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, मनरेगा द्वारा 20 जॉब कार्ड, श्रम विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को मु.मं. नौनिहाल छात्रवृत्ति, 2 हितग्राहियों को मु.मं. श्रमिक सियान सहायता, 2 हितग्राहियों को मिनीमाता महतारी जतन योजना, 1 हितग्राहियों को मु.मं. निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, 1 हितग्राहियों को असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांक सहायता योजना, 4 हितग्राहियों को नोनी सशक्तीकरण योजना, राजस्व विभाग द्वारा 74 हितग्राहियों को स्वामित्व योजना अधिकार अभिलेख, 8 हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र, एनआरएलएम द्वारा 86 समूहों को 271 लाख रुपए एवं 26 व्यक्तिगत लोन 26 लाख रुपए का चेक वितरण किया गया। शिविर में श्रीमती संतोषी मनोज रात्रे, गुरूदयाल पाटले, ब्यास वर्मा, सुखराम मधुकर, गुलाब सिंह चंदेल, जन्मेजय महोबे कलेक्टर,सीईओ विनय कुमार पोयाम, पवन कोसमा एसडीएम, मणिशंकर कौशिक जनपद सीईओ, अमरनाथ श्याम तहसीलदार आदि उपस्थित रहे।

रक्तदान और देहदान का संकल्प लेने वालों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



प्रशस्ति पत्र के साथ अस्पताल स्टाफ।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 2 अक्टूबर को जिला अस्पताल जांजगीर में रक्तदान, देहदान एवं नेत्रदान का प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए रक्तदान किया तथा देहदान के संकल्प के माध्यम से समाजसेवा और मानवता की मिसाल पेश की। जिन्हें श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में रक्तदान, देहदान एवं नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंदों की सेवा के लिए लोगों को प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के संचालन में सीएमएचओ अनीता श्रीवास्तव मैडम, सिविल सर्जन डॉ. जागृति एवं डॉ. विष्णु पैगवार की भूमिका रही। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अम्बेश जांगड़े, जिला महामंत्री श्रीमती नंदिनी राजवाड़े, जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, प्रदेश किसान प्रवक्ता रवि पाण्डेय, 7राकेश रूपवानी, हितेश यादव, अनिल शर्मा, पुष्पेंद्र निर्मलकर, सुधीर झाझड़िया, शिवाकांत सहित भाजपा के जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने रक्तदान को महादान बताते हुए नागरिकों से नियमित रूप से रक्तदान करने तथा देहदान एवं नेत्रदान जैसे पुनीत संकल्पों के लिए आगे आने का आह्वान किया।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने क्षेत्र के सड़कों के मरम्मत के लिए लिखा पत्र

जांजगीर-चांपा। छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल ने नवरात्रि के पावन पर्व व त्यौहारों के सीजन व सड़क दुर्घटना को ध्यान में रखते हुये यात्रियों की आवागमन के सुविधा के लिये जांजगीर-नैला नगर सहित पूरे अंचल व क्षेत्र के जीर्ण-शीर्ण सड़कों का शीघ्र मरम्मत, मजबूतीकरण कराने हेतु विभागीय मंत्री व विभाग के उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर दूरभाष से चर्चा किया। इसी तरह श्री चंदेल ने जांजगीर-नैला नगर के दुर्गा महोत्सव को ध्यान में रखते हुये रेल्वे यात्रियों के सुरक्षा के दृष्टिकोण से दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर के जीएम व डीआरएम. को जांजगीर-नैला रेल्वे स्टेशन व स्टेशन परिषर में पर्याप्त जीआरपी व आरपीएफ बल की व्यवस्था कराने के लिए पत्र लिखा है।

कार्यस्थल पर शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को लेकर उद्योगों ने लिया सामूहिक संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को लेकर शपथ लेते अधिकारी कर्मचारी।

जेएसडब्ल्यू महानदी पावर मे मनीष श्रीवास्तव, निदेशक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, छत्तीसगढ़ शासन के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में तथा औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग, के समन्वय से निर्माण सुरक्षा विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन जेएसडब्ल्यू महानदी पावर प्रबंधन द्वारा किया गया।कार्यशाला में विवेक कुमार, प्रमुख – सुरक्षा एवं स्वास्थ्य, जेएसडब्ल्यू महानदी पावर द्वारा निर्माण कार्यों में सुरक्षा प्रबंधन, जोखिम नियंत्रण, सुरक्षित कार्यप्रणाली एवं दुर्घटना रोकथाम के उपायों पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। बलविंदर सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जेएसडब्ल्यू महानदी पावर द्वारा प्रतिभागियों को सीपीआर एवं जीवन रक्षक प्राथमिक चिकित्सा तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर अश्वनी पटेल, सहायक निदेशक ने कार्यस्थल पर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के महत्व, सुरक्षित कार्य संस्कृति तथा दुर्घटना रोकथाम के लिए सामूहिक जिम्मेदारी पर विस्तृत चर्चा की। कार्यशाला में वेदांता, प्रकाश इंडस्ट्रीज, नुवोको विस्टास, आर.के.एम. पावर तथा डी.बी. पावर सहित जांजगीर-चांपा जिले के विभिन्न उद्योगों के प्लांट प्रमुख, सुरक्षा प्रमुख एवं मानव संसाधन प्रमुख ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों से कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव एवं अनुभव साझा किए गए। विभिन्न सुरक्षा विषयों पर सामूहिक चर्चा करते हुए उद्योगों के बीच सुरक्षा संबंधी सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान पर भी जोर दिया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जांजगीर-चांपा जिले के विभिन्न उद्योगों के बीच सुरक्षा जागरूकता, ज्ञान एवं अनुभव साझा करना तथा निर्माण गतिविधियों के दौरान दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए एक मजबूत सुरक्षा संस्कृति विकसित करना है। इस अवसर पर यह भी जानकारी दी गई कि जांजगीर-चांपा जिले के अन्य उद्योगों में भी इसी प्रकार के निर्माण सुरक्षा कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

किसान स्कूल के देवांगन का कृषि मंत्री ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह



किसान स्कूल, बहेराडीह से जुड़े रामाधार देवांगन का छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर में इंदिरा गाँधी कृषि विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम द्वारा सम्मान किया गया।

कृषि के क्षेत्र में किए गए उनके विभिन्न नवाचारों को राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिल चुकी है और उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। रामाधार देवांगन ने कृषि और ग्रामीण जीवन से जुड़े संसाधनों में रोजगार और उद्यमिता की संभावनाएं तलाशते हुए प्राकृतिक रेशों पर विशेष प्रयोग किया। उन्होंने अपनी टीम के साथ अलसी, केला, भिंडी, अमारी और चेच भाजी के रेशे निकालकर उनसे कपड़ा तैयार करने का नवाचार अपने सहयोगी टीम के साथ किया। इन रेशों से तैयार कपड़े से जैकेट सहित अन्य उपयोगी उत्पाद भी बनाए गए हैं। बलौदा ब्लॉक के सिवनी गांव के प्रगतिशील व नवाचारी कृषक रामाधार देवांगन का कहना है कि गांव में उपलब्ध फसलों और वनस्पतियों में केवल खाद्य उपयोग ही नहीं, बल्कि मूल्यवर्धन और रोजगार की भी बड़ी संभावनाएं मौजूद हैं। किसानों को इन संभावनाओं से जोड़कर खेती को उद्यमिता से जोड़ना उनके प्रयास का प्रमुख उद्देश्य है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, इंदिरा गाँधी कृषि विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ गिरीश चंदेल द्वारा रामाधार देवांगन का सम्मान किए जाने पर किसान स्कूल परिवार, किसानों, बिहान, ग्रामीण महिलाओं, आरसेटी जांजगीर, सक्ति और नवाचार से जुड़े लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

छग शिक्षक संघ की प्रांतीय टीम ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर मिले शिक्षामंत्री से

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



शिक्षकों की 10 सूत्रीय मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग को लेकर शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री से सौजन्य भेंट की। इस मौके पर प्रदेश के शिक्षकों की विभिन्न लंबित मांगों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर सार्थक एवं विस्तृत चर्चा हुई।

संघ के प्रांतीय प्रवक्ता अत्रि प्रताप सिंह ने बताया कि मुलाकात के दौरान प्रदेश के लगभग दो लाख शिक्षकों के हितों से जुड़ी संघ की प्रमुख 10 सूत्रीय मांगों पर शीघ्र सकारात्मक एवं समयबद्ध निर्णय लिए जाने का आग्रह किया गया। प्रतिनिधिमंडल में संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, महामंत्री मनोज राय एवं प्रवक्ता अत्रि प्रताप सिंह शामिल रहे। प्रांतीय पदाधिकारियों की इस पहल को शिक्षक हित में महत्वपूर्ण बताते हुए छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ इकाई ने प्रसन्नता व्यक्त की। शिक्षकों की मांगों में तृतीय क्रमोन्नत वेतनमान, प्रांतीय कार्यालय हेतु भूमि, भर्ती-पदोन्नति नियम, नियमित पदोन्नति, पेंशन प्रकरण, समाप्त पदों का पुनर्सृजन, ग्रंथपाल पद के नियम, पदोन्नति में टीईटी की अनिवार्यता पदोन्नति के मूल नियमों में निर्धारित वरिष्ठता एवं सह-योग्यता के आधार पर वर्तमान पदोन्नतियों में टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने सहित अन्य मांगे शामिल है।

कंकालीन मंदिर परिसर में चला स्वच्छता, अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा



विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम पंचायत बनडभरा स्थित मां कंकालीन मंदिर परिसर एवं तालाब का आसपास क्षेत्र में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने श्रमदान कर साफ-सफाई की तथा स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में बम्हनीडीह जपं सीईओ सुश्री प्रज्ञा यादव, जिला पंचायत सदस्य मोहन कुमारी साहू, जिला पंचायत सदस्य सुश्री आशा साव, तहसीलदार प्रशांत पटेल, बीईओ बसंत चतुर्वेदी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती तिवारी, उपयंत्री मनोज दुबे, जनपद सदस्य श्रीमती उत्तरा माखन, रोजगार अधिकारी विभा मरावी, आवास समन्वयक राहुल अग्रवाल एवं सहायक विकासखंड अधिकारी आनंद राठौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इसके बाद सभी ने हाथों में झाड़ू लेकर मां कंकालीन मंदिर परिसर में श्रमदान करते हुए साफ-सफाई की। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोगों ने इसमें सहभागिता निभाई। सीईओ सुश्री प्रज्ञा यादव ने कहा कि सभी के सहयोग से यह वृहद स्वच्छता कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है।

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

कार्यालय कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
विवाह प्र. क्र. 239/ब-121/2025-2026
ग्राम-चांपा तहसील -चांपा
आवेदक श्री चन्द्र कांत देवांगन उम्र 28 वर्ष पिता श्री गुलाब चंद देवांगन जाति कोष्टा निवासी ग्राम चांपा तहसील व थाना चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका पूनम दुबे उम्र 27 वर्ष पिता श्री नंद कुमार दुबे जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम छुरी तहसील व थाना कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)

बनाम

छत्तीसगढ़ शासन

ईश्तहार

आम जनता ग्राम चांपा तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री चन्द्र कांत देवांगन उम्र 28 वर्ष पिता श्री गुलाब चंद देवांगन जाति कोष्टा निवासी ग्राम चांपा तहसील व थाना चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका पूनम दुबे उम्र 27 वर्ष पिता श्री नंद कुमार दुबे जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम छुरी तहसील व थाना कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस कार्यालय में दिनांक 14.10.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 07.09.2026 को कार्यालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
अपर कलेक्टर
एवं विवाह अधिकारी
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 23. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 4 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

सेवा संकल्प शिविर के माध्यम से शासन-प्रशासन पहुंच रहा जनता के पासः खुशवंत

4



खबर संक्षेप

राज्य स्तरीय रोजगार मेला का होगा आयोजन 7 एवं 8 को

जांजगीर-चांपा। प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 7 एवं 8 अक्टूबर को बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम रायपुर में किया जाना है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि उक्त रोजगार मेला में तकनीकी एवं गैर तकनीकी श्रेणी के पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। रोजगार मेला में शामिल होने के इच्छुक युवा अपना पंजीयन ई-रोजगार पोर्टल पर जाकर राज्य स्तरीय रोजगार मेला 7 एवं 8 अक्टूबर मेनू के माध्यम से कर सकते है। उक्त राज्य स्तरीय रोजगार मेला में लगभग 36 नियोजक एवं प्लेसमेंट एजेंसी लगभग 8720 तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों पर भर्ती की कार्यवाही करेगी। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, शासकीय आईटीआई कुलीपोटा जांजगीर में संपर्क कर सकते है।

युवा रत्न सम्मान के लिए आवेदन 30 अक्टूबर तक

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा सामाजिक, साहित्यिक, नवाचार, शिक्षा, खेल, पर्यावरण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, दिव्यांगजन, कला एवं संगीत तथा लोककला सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से 'युवा रत्न सम्मान योजना' संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत 1 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि योजना के अंतर्गत 14 अलग-अलग क्षेत्रों में एक-एक व्यक्ति को सम्मानित किया जाएगा। असाधारण एवं विशिष्ट सेवा कार्य के लिए 'छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान' एक युवा एवं एक स्वैच्छिक संगठन को प्रदान किया जाएगा। युवा को अधिकतम 2.50 लाख रुपये तथा स्वैच्छिक संगठन को अधिकतम 5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। पुरस्कार में पदक, प्रमाण-पत्र एवं शॉल भी शामिल होंगे।

शारदीय नवरात्र 11 से, की जाएगी घट एवं ज्वारा स्थापना

जांजगीर-चांपा। नगर की पुरानी बस्ती स्थित प्रसिद्ध माँ देवी दाई मंदिर में शारदीय क्वार नवरात्र की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। नवरात्र पर्व को लेकर मंदिर परिसर में साफ-सफाई के साथ रंग-रोगन का कार्य कराया जा रहा है। वहीं ज्योति कलश प्रज्वलन एवं घट-ज्वारा स्थापना की तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। मंदिर पुजारी पं. सुदीप उपाध्याय ने बताया कि इस वर्ष शारदीय नवरात्र का शुभारंभ 11 अक्टूबर, शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन होगा। इसी दिन मंदिर में विधिवत घट एवं ज्वारा स्थापना की जाएगी। पं. सुदीप उपाध्याय नें श्रद्धालुओं से नवरात्र पर्व में मंदिर पहुंचकर माँ देवी दाई का आशीर्वाद लेने की अपील की।

अस्थाई फटाका अनुज्ञप्ति के लिए 9 तक कर सकते है आवेदन

जांजगीर-चांपा। दीपावली पर्व की दृष्टि से जिले में अस्थाई फटाका अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्तियों से शुक्रवार 9 अक्टूबर तक लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदक विस्फोटक नियम 2008 के तहत निर्धारित प्रारूप-एल ई 05 में आवेदन के साथ साईट मैप सहित स्थल नक्शा, स्वयं का पासपोर्ट आकार का नवीन फोटो, फोटोयुक्त परिचय पत्र, संबंधित नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं विस्फोटक नियम 2008 के अनुसार निर्धारित शुल्क के साथ जमा कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएगे।

परिजन मुआवजे की रखी मांग, समझाईश देते रहे अफसर

श्रमिक की करंट से मौत, गेट के सामने शव रखकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

रोजी-रोटी के लिए घर से निकले एक श्रमिक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मजदूर चाम्पा के तिरुपति मोटर्स में फिटर एवं वेल्डर का काम करता था। उसे काम के सिलसिले में रायपुर भेजा गया था, जहां कार्य के दौरान करंट लगने से उसकी मौत हो गई। शनिवार की शाम उसका शव चाम्पा पहुंचा। आक्रोशित परिजनों ने तिरुपति मोटर्स के मेन गेट के सामने शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

तिरुपति मोटर्स चांपा में 30 वर्षीय शिवराम धीवर करीब 8 साल से कार्यरत था। उसे 2 अक्टूबर को काम के लिए रायपुर शिफ्ट किया गया था।रायपुर में कार्य के दौरान करंट की चपेट में आने से उसकी की मौत हो गई। शिवराम तिरुपति मोटर्स में फिटर-वेल्डर का काम करता था। शनिवार 3 अक्टूबर को पोस्टमार्टम के बाद उसका शव चाम्पा पहुंचा। इधर घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। नाराज परिजन बड़ी संख्या में ओवरब्रिज के पास तिरुपति मोटर्स के प्रतिष्ठान पहुंच गए और मुख्य गेट के सामने शव रख कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गए। मुआवजे की मांग को लेकरगेट के सामने प्रदर्शन किया गया। परिजनों का कहना था कि तिरुपति मोटर्स के माध्यम से शिवराम रायपुर में काम कर रहा था, ऐसे में उसकी मौत के बाद परिवार को उचित मुआवजा मिलना चाहिए। प्रदर्शन की सूचना पर चाम्पा पुलिस और तहसीलदार भी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने समझाइश दी लेकिन, परिजन पांच लाख के मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक प्रदर्शन जारी रहा।



शव रखकर प्रदर्शन करते परिजन तथा इंसेट में मृतक शिवराम।

चार माह के मासूम के सिर से उठा पिता का साया

शिवराम धीवर मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पालता था। बूढे मां-बाप और पत्नी के साथ ही चार माह के मासूम बच्चे की जिम्मेदारी उसके ही कंधे पर थी। करंट लगने से उसकी मौत के बाद पत्नी और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। इधर शिवराम के चार माह के मासूम बच्चे के सिर से पिता का साया उठ गया है।

सालभर बाद सुलझी कत्ल की गुत्थी, शराब में जहर मिलाकर दोस्त ने की थी वारदात

वैज्ञानिक साक्ष्य से हुआ खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

एफएसएल रिपोर्ट ने खोला राज

मामला सालभर से भी पुराना है, लेकिन इतने दिनों तक पेंडिंग होने का मुख्य कारण तकनीकी रिपोर्ट को माना जा रहा है। दरअसल पहले रायपुर में ही लैब था जहाँ प्रदेशभर के केस की जांच होती थी। ऐसे में पेंडेंसी होती थी। अब एफएसएल की क्षेत्रीय लैब भी खुल गई है, जिससे अब टेस्ट भी जल्दी हो रही है और रिपोर्ट भी जल्दी आ रही है। हाथीटिकरा के केस में परिजनों ने शंका जाहिर की थी, लेकिन पुलिस के पास कोई तकनीकी प्रमाण नहीं थे। एफएसएल की रिपोर्ट में शराब में कितनाशक दवा मिलाकर देने का खुलासा हुआ। इसके आधार पर पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझा ली।

एक वर्ष से अधिक पुराने हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। शराब में कीटनाशक जहर मिलाकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था। एफ एस एल रिपोर्ट और वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 22 मई 2025 को ग्राम हाथीटिकरा निवासी 55 वर्षीय रामायण सूर्यवंशी की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई थी। जांच के दौरान मृतक के परिजनों के कथन लिए गए। पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्यों, गवाहों के कथनों एवं विवेचना से प्राप्त तथ्यों के आधार पर प्रकरण के निराकरण की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की। एफ एस एल रिपोर्ट से कीटनाशक जहर से मौत की पुष्टि हुई। जांच में सामने आया कि 22 मई की शाम रामायण सूर्यवंशी अपनी पत्नी एवं पुत्री के साथ किराना दुकान में मौजूद था। इसी दौरान गांव का ही सुरेन्द्र साहू उर्फ मोनू वहां पहुंचा और शराब पिलाने के बहाने उसे अपने तीन चक्का स्कूटर में बैठाकर पास स्थित एक ईंट भट्ठे के पास ले गया। जांच में सामने आए साक्ष्यों के अनुसार सुरेंद्र पूर्व से ही हत्या करने की योजना बनाकर आया था। अपने साथ अंग्रेजी शराब लेकर गया तथा शराब के गिलास में चोरी- छिपे कीटनाशक जहर मिलाकर पिला दिया। मौके पर शराब की बोतल एवं डिस्पोजल गिलास पाए गए। अस्पताल में उपचार के दौरान उसी रात उसकी मृत्यु हो गई। चिकित्सक द्वारा मृतक का विसरा सुरक्षित कर रासायनिक परीक्षण हेतु एफएसएल भेजा गया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आरोपी सुरेन्द्र साहू उर्फ मोनू के विरुद्ध धारा 103(1) बी एन एस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।सुरेन्द्र साहू उर्फ मोनू को उसके निवास से पकड़ा गया तथा घटना के संबंध में पूछताछ की गई। पुलिस ने आरोपी सुरेन्द्र साहू उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

बाइक समेत नहर में गिरा युवक, पार्षदों ने कूदकर बचाई जान

जांजगीर-चांपा। सैनिक विहार बड़े नहर के सामने ग्राम कुटरा निवासी जय दिग्रास्कर बाइक समेत नहर में जा गिरे। इस दौरान वहां से गुजर रहे वार्ड क्रमांक 24 के युवा पार्षद अजीत गढ़वाल, पार्षद अमित यादव और उनके साथियों ने उसे नहर से बाहर निकाला।

ज्ञात हो कि सैनिक विहार के सामने कुटरा निवासी जय दिग्रास्कर बाइक समेत नहर में जा गिरा। वहां से गुजर रहे पार्षद अजीत गढ़वाल एवं अमित यादव सहित साथियों ने नहर में उतरकर युवक को बाहर निकालने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद जय दिग्रास्कर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। समय रहते किए गए इस प्रयास से युवक की जान बच सकी। घटना के दौरान पार्षदों ने जिस तत्परता और साहस के साथ युवक की मदद की, उसकी मौके पर मौजूद लोगों ने जमकर सराहना की। लोगों का कहना है कि संकट की घड़ी में अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना किसी की जिंदगी बचाने के लिए आगे आना ही सच्ची मानवता है।

शिवरीनारायण में रेत उत्खनन, पार्षदों ने भाजयुमो नेता पर लगाए आरोप

शिवरीनारायण। शिवरीनारायण में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन को लेकर कथित वसूली के आरोप लगने लगे हैं। खास बात यह है कि अबकी बार कुछ पार्षदों ने अवैध उत्खनन में लगे वाहनों को पकड़ा तो वाहन चालकों और मालिकों ने एक भाजयुमो नेता को इसके लिए जिम्मेदार बताया। ऐसे में पार्षद अब कार्रवाई की मांग कर रहे है।



इस संबंध में मिली शिकायत के अनुसार शिवरीनारायण के कुछ पार्षदों ने रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन में लगे ट्रैक्टरों को पकड़ा। इस दौरान उन्होंने चालकों के बयान रिकार्ड किए। दावा किया जा रहा है कि उत्खनन और परिवहन कार्य में लगे ट्रैक्टर चालकों और उनके मालिकों ने शहर के ही एक भाजयुमो नेता का नाम लिया और इस कार्य में वसूली के आरोप भी लगाए। इधर यह पूरा मामला सोशल मीडिया पर पूरे दिन पर छाया रहा। पार्षदों ने इस पर कार्रवाई की मांग की है।

युवती को बरामद कर दुष्कर्म के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

युवती के लापता होने के मामले में कार्रवाई करते हुए उसे बरामद कर दुष्कर्म, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार युवती के परिजनों ने 25 सितंबर की रात उसके घर से बिना बताए चले जाने और वापस नहीं लौटने की रिपोर्ट थाना बाराद्वार में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रानीगांव निवासी हरिश साहू अपने साथी प्रताप सिंह कंवर के साथ युवती को मोटरसाइकिल से अपने घर ले गया है। तत्काल रानीगांव पहुंचकर हरिश साहू के घर की तलाशी ली, जहां युवती बरामद हुई। युवती ने आरोप लगाया कि हरिश अपने साथी प्रताप के साथ मोटरसाइकिल से उसके गांव आया और उसे अपने साथ रानीगांव ले गया। वहां उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए गए और कई दिनों तक घर में रखा गया। विरोध करने पर मारपीट की गई। पुलिस ने बाराद्वार थाना क्षेत्र के रानीगांव निवासी हरिश साहू उम्र 20 वर्ष और प्रताप सिंह कंवर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

8 लीटर महुआ शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार कर भेजा जेल

फगुरम। आबकारी पुलिस ने दबिश देकर 8 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आबकारी विभाग के अनुसार 1 अक्टूबर को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम परसी निवासी सतानंद भारद्वाज उम्र 36 वर्ष अपने रहवासी मकान के कमरे में अवैध रूप से महुआ शराब रखे हुए है। सूचना के आधार पर आबकारी टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। तलाशी के दौरान दो सफेद प्लास्टिक बोतलों में क्रमशः 2 लीटर और 1 लीटर तथा एक पीले रंग की प्लास्टिक जरीकेन में 5 लीटर महुआ शराब बरामद हुई। कुल 8 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। आरोपी को धारा 34(2) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

MARK OF EXCELLENCE

मार्क हॉस्पिटल में बिलासपुर का पूर्ण न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी सेंटर

मस्तिष्क, रीढ़ एवं नसों से जुड़ी बीमारियों की सम्पूर्ण देखभाल

ब्रेन संबंधी रोग
• सिरदर्द एवं माइग्रेन • लकवा (स्ट्रोक) एवं ब्रेन हैमरेज • ब्रेन ट्यूमर • मिर्गी (एपिलेप्सी)
• पार्किंसन रोग • अल्जाइमर एवं याददाश्त की कमी • सिर की चोट या ट्रॉमा के लिए सर्जरी

नसों एवं मांसपेशियों से जुड़ी समस्याएँ
• नसों की कमजोरी • झनझनाहट एवं सुन्नपन • नस दबने की समस्या
• हाथ-पैरों में कंपन (Tremors) • चेहरे की नस का दर्द (ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया)

स्पाइन एवं कमर संबंधी समस्याएँ:
• कमर एवं गर्दन का दर्द • सायटिका (Sciatica) • स्पॉन्डिलाइटिस • स्पाईन सर्जरी
• डिस्क स्लिप • स्पाइनल कॉर्ड की बीमारियाँ • ब्रेन एवं स्पाइन की चोटों का उपचार

आधुनिक सुविधाएँ:
• अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट एवं न्यूरोसर्जन • सटीक जाँच एवं विशेषज्ञ परामर्श
• पूरी तरह सुसज्जित आईसीयू एवं ऑपरेशन थियेटर • मस्तिष्क, रीढ़ एवं नसों के रोगों की सम्पूर्ण देखभाल • EEG • EMG • NCV जाँच की सुविधा

ESI इंश्योरेंस द्वारा इलाज सम्भव

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No:
07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com

AdPRAYAS

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026

प्रथम उपहार 1 कार

द्वितीय उपहार 3 नग बाईक

तृतीय उपहार 10 नग LED TV

चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज

पांचवा उपहार 8 नग वासिंग मशीन

छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा

सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन

आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग

नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट

दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स

ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार

नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166

खबर संक्षेप

शिक्षक फेडरेशन का संगठन समीक्षा, संवाद एवं प्रांतीय अधिवेशन



शिवरीनारायण। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के संगठन समीक्षा, संवाद एवं संकल्प प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन शिवरीनारायण स्थित राम मिलेंगे आश्रम, तेंदुआधाम में हुआ। जिसमें प्रदेशभर के 33 जिलों के जिला अध्यक्ष, सभी विकासखंडों के अध्यक्ष एवं प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। दो दिवसीय अधिवेशन में संगठन की समीक्षा के साथ शिक्षकों के लंबित मुद्दों को लेकर तेज और निर्णायक संघर्ष की रणनीति पर मंथन किया गया। अधिवेशन का शुभारंभ फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर के अध्यक्षीय संबोधन से हुआ। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों को पूरा कराने के लिए फेडरेशन पूरी मजबूती से अपनी मांग रखेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों से किए गए वादे केवल चुनावी घोषणा बनकर न रह जाएं, इसके लिए संगठन शासन का ध्यान लगातार आकर्षित करेगा। प्रदेश अध्यक्ष राठौर ने कहा कि शिक्षक समाज लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित करता रहा है। आश्वासन और चर्चाओं से आगे बढ़कर अब ठोस निर्णय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संगठन शिक्षकों की समस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखता आया है और आगे भी रखेगा। लेकिन मांगों के समाधान में अनावश्यक विलंब होने की स्थिति में संगठन अपने पदाधिकारियों और शिक्षकों से संवाद कर आगे की रणनीति तय करेगा। दो दिनों तक चले मंथन में संगठन की जमीनी स्थिति, शिक्षकों की समस्याओं, मोदी की गारंटी के वादों, टीईटी, विभागीय परीक्षा और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विषयों पर पदाधिकारियों ने खुलकर विचार रखे।फेडरेशन ने स्पष्ट किया कि शिक्षकों के अधिकारों और सम्मान से जुड़े मुद्दों पर संगठन पीछे नहीं हटेगा। पदाधिकारियों ने एकजुटता के साथ संगठन को और मजबूत करने तथा आगामी संघर्षों के लिए तैयार रहने का संकल्प लिया। अधिवेशन में राजू टंडन, देवेंद्र हरमुख, शेषनाथ पांडेय, बसंत कौशिक, कौशल अवस्थी, सुरजीत सिंह चौहान, अश्वनी कुर्रे, सिराज बक्श, आदित्य गौरव साहू, दिनेश नायक, पुरुषोत्तम झाड़ी, हैम कुमार साहू, तरुण वैष्णव, अशोक धुर्वे, छबि राम पटेल, राजा राम पटेल, प्रदीप पटेल, गोकुल प्रसाद जायसवाल, आलोक त्रिवेदी, इंद्रजीत शर्मा आदि शामिल हुए।

कचंदा शिविर में पहुंचे प्रभारी मंत्री

सेवा संकल्प शिविर के माध्यम से शासन-प्रशासन पहुंच रहा जनता के पास-खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर



शिविर में प्रभारी मंत्री के साथ उपस्थित हितग्राही।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 3 अक्टूबर को शासकीय हाईस्कूल कचंदा, जैजैपुर में शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना पूरा जीवन देश की जनता के लिए समर्पित करके कार्य कर रहे हैं। जिसके तहत आज हमारा देश एजुकेशन के क्षेत्र में रक्षा के क्षेत्र में सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने शिविर में उपस्थित सभी लोगों को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 की जानकारी दी। जिसके तहत कोई भी नागरिक अपनी समस्या का निराकरण करवा सकते हैं। उन्होंने कहा की पूरे देश को 2047 तक विकसित भारत और छत्तीसगढ़ को नवा अंजोर छत्तीसगढ़ बनाना है। जिसके लिए हम सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी को अपने जीवन में स्वच्छता भी अपनाए जाने अपील की है। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं के सशक्तिकरण एवं कल्याण के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने महिलाओं से महतारी वंदन योजना, नोनी सशक्तिकरण योजना, सरस्वती साइकिल योजना सहित प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इसमें आमजनों एवं हितग्राहियों की स्वास्थ्य जांच के साथ विभिन्न आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में आयुष्मान कार्ड वितरण, गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं की जांच, हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, सिकल सेल सहित विभिन्न जांच की सुविधा प्रदान की गई तथा विभिन्न मरीजों को आवश्यकतानुसार दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर के दौरान देहदान करने वाले सैनी कुमार रात्रे को सम्मानित भी किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत पात्र हितग्राहियों को योजना के प्रावधान, पात्रता एवं लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में अन्नप्राशन का कार्यक्रम भी किया गया। सेवा सेतु शिविर में आधार कार्ड अपडेटेशन, स्वास्थ्य विभाग, रोजगार एवं आजीविका, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, जनपद पंचायत जैजैपुर, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, खाद्य विभाग, बिजली विभाग, क्रेडा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष विभाग, जन औषधि, पीएम राहत योजना, चलित थाना, शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, मछली पालन विभाग, समाज कल्याण विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। इसके साथ ही राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय निकाय, समाज कल्याण, आदिम जाति विकास, स्वास्थ्य, कृषि, खाद्य, शिक्षा, श्रम सहित अन्य विभागों द्वारा हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी एवं सेवाएं प्रदान की गईं।

5 व 6 को लगेगा शिविर

सेवा संकल्प अभियान के तहत लगाए जा रहे शिविर के क्रम में 5 अक्टूबर को स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मालखरौदा में तथा 6 अक्टूबर को शासकीय हाईस्कूल सपोस, डभरा में शिविर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन ने शिविर में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, समाज कल्याण विभाग, पंचायत विभाग, नगरीय निकाय, खाद्य विभाग, आदिम जाति विकास विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग सहित अन्य विभागों को विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिविर आयोजन के पूर्व गांव-गांव में मुनादी कराते हुए शिविर आयोजन का जमीनी स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग इस शिविर का लाभ उठा सकें।

तपसी बाबा और डोंगाघाट हसदेव घाट पर चला स्वच्छता अभियान

कलेक्टर ने किया नेतृत्व, कहा - स्वच्छता दीदियों का सहयोग करें, 100 घंटे श्रमदान का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



स्वच्छता अभियान में शमिल जनप्रतिनिधि तथा नागरिक।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर शुक्रवार प्रातः तपसी बाबा की पुण्य भूमि दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर डोगाघाट चांपा परिसर और हसदेव नदी घाट पर स्वच्छता ही सेवा 2026 के तहत सेवा मेरा योगदान घाट सफाई अभियान चलाया गया।

अभियान का नेतृत्व कलेक्टर जांजगीर-चांपा जन्मेजय महोबे ने किया। इस दौरान स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने श्रमदान कर घाट परिसर की साफ-सफाई की। प्रातः 7 बजे से 9:30 बजे तक चले अभियान में लोगों की भागीदारी रही।कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता के लिए कम से कम 100 घंटे श्रमदान देना चाहिए। घर का कचरा गीला-सूखा, इलेक्ट्रॉनिक और सेनेटरी अलग-अलग रखें और नगर पालिका की गाड़ी आने तक सुरक्षित रखें, इससे स्वच्छता दीदियों को काम में आसानी होगी और स्वच्छ भारत मिशन सफल होगा। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रदीप नामदेव, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संतोष थवाईत, पार्षद महेंद्र तिवारी, विनिता मोदी, एल्डरमैन पवन पाठक, जिला पंचायत सीईओ विनय पोयम, एसडीएम शशि चौधरी, सीएमओ संजय सिंह, तहसीलदार राजकुमार मरावी, बीईओ बसंत चतुर्वेदी, बीआरसी हिरेंद्र बेहार, कार्यपालन अभियंता योगेश राठौर सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक उपस्थित रहे।





